# 109222 - तवाफ़ पूरा करने से पहले थकावट महसूस करने वाले का हुक्म

**प्रश्न**

मैं एक बीमार महिला हूँ। मैं उम्रा करने के लिए गई थी और जब मैंने तवाफ़ के तीन चक्कर (राउंड) किए, तो मुझे चक्कर आने लगा। मुझे क्या करना चाहिए?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“आपको आराम करना चाहिए और फिर अपना तवाफ़ पूरा करना चाहिए। यदि अंतराल लंबा हो जाए, तो आप शुरुआत से फिर से तवाफ करें। लेकिन अगर चक्कर आना आसानी से और जल्दी से बंद हो जाता है, तो अपने तवाफ़ को पूरा करें और यह पर्याप्त है। और सब प्रशंसा अल्लाह के लिए है।” उद्धरण समाप्त हुआ।

आदरणीय शैख़ अब्दुल अज़ीज़ बिन बाज़ रहिमहुल्लाह

“मजमूओ फतावा इब्ने बाज़” (17/435, 436).